दिनांक - 28/07/2023

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग)

राजभाषा हिन्दी संबंधी गतिविधियों का आयोजन

उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी:

नाम	पद
डॉ अन्तरिक्ष जोहरी .	निदेशक (सूचना एवं प्रोद्योगिकी)
श्री कमल कुमार खंडेलवाल	सयुंक्त सचिव (सूचना एवं प्रोद्योगिकी)
श्रीमती अंजु बत्रा	वरिष्ठ व्यक्तिगत सचिव (सूचना एवं प्रोद्योगिकी)
श्रीमती दिव्या भारद्वाज	अवर सचिव (सूचना एवं प्रोद्योगिकी)
श्री अनूप कुमार	अधीक्षक
श्री रोशन लाल	एम॰टी॰एस॰

एजेंडा – पत्र संख्या अ.शा/.अध्यक्ष/एफ.सं.12/ हिं प्रको/ हिंदी गतिविधि/2023/6994 दिनांक 19.07.2023 मे निहित अनुदेशों का पालन करते हुए राजभाषा हिन्दी संबंधी गतिविधियों के आयोजन के लिए सूचना एवं प्रोद्योगिकी अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ निदेशक कक्ष में दिनांक 28.07.2023 शाम 04 बजे मीटिंग का आयोजन किया गया।

मीटिंग मे राजभाषा हिन्दी संबंधी गतिविधियों का आयोजन– इस आयोजन मे सभी सूचना एवं प्रोद्योगिकी के अधिकारियों/ कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा हिन्दी मे कविता पाठ, लोक गीत, भजन, परिचर्चा एवं दोहे सुनाये गए। तथा हिन्दी मे टिप्पणी एवं पत्र-व्यवहार पर परिचर्चा की गई। आयोजन की शुरुआत निदेशक द्वारा उनकी स्वरचित कविता पाठ द्वारा किया गया जोकि अत्यधिक शानदार रहा। उसके बाद सभी उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों ने हिन्दी में कविता, दोहा, हिन्दी परिचर्चा तथा भजन गाया था, जो कि अत्यधिक सराहनीय रहा तथा इस आयोजन के साथ साथ कुछ फोटो फोटो भी खींचे गए जो इसके साथ निम्न/संलग्न है ।

सुझाव :इस मीटिंग मे राजभाषा हिन्दी संबंधी गतिविधियों से हिन्दी के प्रति जागरूकता और अनुकूल वातावरण का सृजन के लिए मीटिंग मे सभी उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों को निदेशक (सूचना एवं प्रोद्योगिकी) द्वारा कार्यालय का दैनिक कार्य हिन्दी में अत्यधिक करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए थे।

निर्णय – प्रत्येक माह के अंतिम शुक्रवार को निदेशक कक्ष में शाम 4:00 बजे हिन्दी संबंधी गतिविधियों का आयोजन करना प्रस्तावित किया गया है तथा इस आयोजन की फोटो/विडियो को बोर्ड वेबसाइट के "राजभाषा पृष्ठ" में अपलोड कराने को कहा गया।

कार्य सूची :कार्यालयों के दैनिक कार्यों (टिप्पणी एवं पत्र-व्यवहार) को हिन्दी मे कार्यान्वित करने के लिए तथा प्रत्येक दिन सूचना पट्ट पर प्रेरित वाक्य हिन्दी मे लिखने का आग्रह किया गया है।

अगली मीटिंग – प्रत्येक माह के अंतिम शुक्रवार को निदेशक (सूचना एवं प्रोद्योगिकी)कक्ष में शाम 4:00 बजे हिन्दी संबंधी गतिविधियों का आयोजन करने के लिए विचार किया गया है.

मीटिंग की समाप्ति -कार्यालय में राजभाषा हिन्दी संबंधी गतिविधियों से हिन्दी के प्रति जागरूकता और अनुकूल वातावरण का सृजन के लिए सभी उपस्थित कर्मचारियों द्वारा कार्यालयों के दैनिक कार्यों को हिन्दी मे कार्यान्वित करने के लिए दिशा-निर्देश दिया गया और धन्यवाद सहित मीटिंग की समाप्ति की गई।